S.Y.B.A. (Sem-IV) April-2023

Hindi Paper-II (Adhunik Hindi Gadya) **Q.P. Code:00000571**

**[समय: ३ घंटे]** **[पूर्णांक : १०० ]**

**कृपया जांचें कि आपको सही प्रश्न पत्र मिला है या नहीं |**

**सूचनाएँ :** **१. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |**
**२. दायीं ओर के अंक पूर्ण अंक दर्शाते हैं |**
**३. उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक व उप क्रमांक अवश्य लिखे |**

प्रश्न १. **निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए |** **(२७)**

**(क)** "अब तुम लोग यहाँ रहने के योग्य नहीं | मुझे यह भी नहीं मालूम था कि तुम लोगों के ह्रदय में छल-कपट, पाप और हिंसा के भाव समा गए हैं |"

**अथवा**

"जंगलतंत्र एक ऐसी शासन व्यवस्था है, जो जंगल के लोगों की है, जंगल के लोगों के द्वारा संचालित है और जंगल के लोगों के लिए है |"

(ख) "किस्सा आगे बढ़ता है | फिर जो कुछ घटता है, वह लोहे को नहीं बल्कि समाज को पारस से छुआने का किस्सा बन जाता है |"

**अथवा**

"गुरु-शिष्य परम्परा से काम सिखाया जाता था | नए हाथ को पुराना हाथ इतना सिखाता, इतना उठाता कि वह कुछ समय बाद 'जोडिया' बन जाता था |"

**(ग)** "और जब मेरा पुत्र चल बसा तो मुझे लगा कि यादव माताओं ने मेरा पुत्र मुझसे छीन लिया | मैंने स्वंय अपने पुत्र की हत्या कर दी |"

**अथवा**

"क्या पुरुषत्व का अर्थ क्रूरता है? केवल निर्ममता, हिंसा, वध हत्या रक्तपात ही पौरुष का प्रतीक है |"

प्रश्न २. **निम्न लिखित प्रश्नों के दीर्घोत्तरी उत्तर लिखिए |** **(३६)**

(च) 'जंगल तंत्रम' उपन्यास भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था का दर्पण है | स्पष्ट कीजिए |

**अथवा**

'जंगल तंत्रम' उपन्यास में भारतीय लोकतंत्र में व्याप्त राजनेता, अधिकारी और व्यापारी वर्ग सांठ – गाँठ और आम आदमी के साथ उनके संबंधों पर प्रकाश डालिए |

(छ) 'संसार सागर के नायक' निबंध के आधार पर तालाब के वास्तुकार-शिल्पकार गजधर के योगदान को रेखांकित कीजिए |

**अथवा**

'नींव से शिखर तक' निबंध के आधार पर तालाब की संरचना पर प्रकाश डालिए |

(ज) "'कथा एक कंस की' नाटक में पौराणिक कथा के साथ-साथ कल्पना का सुंदर समन्वय हुआ हैं |"

इसे नाटक के आधार पर स्पष्ट कीजिए |

**अथवा**

'कथा एक कंस की' नाटक के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहते हैं | उसे विस्तार से स्पष्ट कीजिए|

प्रश्न ३. **निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए |** **(१२)**

(त) 'जंगल तंत्रम' के माध्यम से चूहा वर्ग अर्थात आम आदमी की स्थिति को स्पष्ट कीजिए |

(थ) 'तालाब बाँधता धरम सुभाव' निबंध में लेखक द्वारा प्रतिपादित तालाब के महत्व को समझाइए |

(द) 'कथा एक कंस की' नाटक की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालिए |

प्रश्न ४. **निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए |** **(१५)**

**(प)** सिंह का चरित्र-चित्रण |

**अथवा**

'जंगल तंत्रम' उपन्यास का उद्देश्य |

**(फ)** 'आज भी खरे हैं तालाब' निबंध के शीर्षक की सार्थकता |

**अथवा**

'तालाब बाँधता धरम सुभाव' में तालाब बनाने का कार्य किस प्रकार से धर्म से जुड़ा हैं | संक्षिप्त में लिखिए |

**(ब)** देवकी का चरित्र-चित्रण |

**अथवा**

'कथा एक कंस की' नाटक का उद्देश्य |

प्रश्न ५. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए |** **(१०)**

१. जंगल तंत्रम' उपन्यास की कहानी बच्चों को कौन सुनाता है?

२. जंगली भाषा किसका प्रतीक हैं?

३. जंगल के पहले सिंह को मारना किसका प्रतीक हैं?

४. 'जंगल तंत्रम' उपन्यास किस वर्ष में प्रकाशित हुआ?

५. कूडन की बेटी को रास्ते में क्या मिला था?

६. विंदु सागर किसका प्रतीक हैं?

७. राजा भोज किसके प्रेम में पड़कर अपना राज काज छोड़ने का निर्णय लेते हैं?

८. 'कथा एक कंस की' नाटक के लेखक दया प्रकाश सिन्हा का जन्म कब हुआ?

९. स्वाति किस रूप में श्रीकृष्ण को मारने गई थी?

१०. उग्रसेन का अवैध पुत्र कौन था?